आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 13.12.2025 समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- भारतीय सैन्य अकादमी, देहरादून की पासिंग आउट परेड आज, थल सेना अध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी लेंगे सलामी। दोपहर तक आई.एम.ए जाने वाले विभिन्न मार्गों पर यातायात रहेगा डायवर्ट।
- केंद्र सरकार ने राज्य में खेल विश्वविद्यालय के लिए भूमि उपलब्ध कराने की सैद्धांतिक मंजूरी दी।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के विभिन्न ज़िलों में विकास और जनकल्याण से जुड़ी योजनाओं के लिए अड़सठ करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि मंजूर की।
- देहरादून में आज से शुरु होगा तीन दिवसीय अखिल भारतीय जनसंपर्क सम्मेलन; देशभर से सरकारी विभाग, कॉर्पोरेट, सार्वजनिक उपक्रम, शैक्षणिक संस्थानों और मीडिया जगत से जुड़े लेंगे हिस्सा।

आई.एम.ए पासिंग आउट परेड

देहरादून स्थित भारतीय सैन्य अकादमी– आई.एम.ए में आज पासिंग आउट परेड आयोजित की जाएगी, जिसमें थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी बतौर रिव्यूइंग अफसर सलामी लेंगे। इस परेड के साथ आई.एम.ए में कठिन प्रशिक्षण पूरा करने वाले जैंटलमैन कैडेट्स, भारतीय सेना का अभिन्न अंग बन जायेंगे। साथ ही मित्र देशों के कैडेट्स भी अपने–अपने देश की सेनाओं का हिस्सा बनेंगे।
परेड को लेकर आईएमए परिसर और आसपास कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। अकादमी के आसपास के क्षेत्र को जीरो जोन घोषित किया गया है और सेना के साथ दून पुलिस भी सुरक्षा व्यवस्था संभाल रही है। पासिंग आउट परेड के दौरान यातायात व्यवस्था में भी बदलाव किया गया है। आज दोपहर तक आईएमए की ओर जाने वाले मार्गों पर विशेष यातायात व्यवस्था लागू रहेगी। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे निर्धारित मार्गों का उपयोग करें और सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग करें।

सैद्धांतिक मंजूरी

केंद्र सरकार ने उत्तराखंड में खेल विश्वविद्यालय के लिए भूमि उपलब्ध कराने की सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। इससे वन विभाग की भूमि को लेकर लंबे समय से चला आ रहा गतिरोध दूर हो गया है और अब विश्वविद्यालय निर्माण का रास्ता साफ हो गया है।

खेल मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने हल्द्वानी वन प्रभाग के अंतर्गत गोलापार स्थित वन भूमि पर स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी के निर्माण के प्रस्ताव पर सहमति प्रदान की है। उन्होंने कहा कि यह भूमि आरक्षित वन के रूप में चिन्हित थी, जिस कारण स्थानांतरण को लेकर अड़चन बनी हुई थी। उन्होंने बताया कि केंद्र से मिली सैद्धांतिक सहमति को अंतिम मंजूरी में बदलने के लिए

आवश्यक शर्तों के अनुपालन के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दे दिए गए हैं। इसके बाद विश्वविद्यालय के निर्माण से जुड़ी गतिविधियां तेज की जाएंगी, ताकि वर्ष 2026 के सत्र से कक्षाएं शुरू की जा सकें।

स्वास्थ्य सुविधा

चम्पावत जिले के लोहाघाट में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए बुनियादी स्वास्थ्य इकाई प्रयागशाला का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। 45 लाख रुपये की लागत से बनने वाली इस लैब के स्थापित होने से ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को जांच के लिए बाहरी अस्पतालों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

उत्तराखंड पेयजल निर्माण इकाई द्वारा किए जा रहे इस निर्माण कार्य का जिलाधिकारी मनीष कुमार ने निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्था को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य समय पर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण की गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा।

उप जिला चिकित्सालय लोहाघाट के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर विराज राठी ने बताया कि अस्पताल परिसर में तीन मंजिला बेसिक हेल्थ यूनिट लैब का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें पैथोलॉजी से जुड़ी विभिन्न जांच सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

सैनिक स्कूल घोड़ाखाल हीरक जयंती

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी नैनीताल जिले के भवाली स्थित सैनिक स्कूल घोड़ाखाल के हीरक जयंती समारोह के उद्घाटन अवसर पर शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सैनिक स्कूल घोड़ाखाल ने दशकों से देश को अनुशासन और राष्ट्रभक्ति से ओत–प्रोत युवा देकर एक स्वर्णिम इतिहास रचा है। उन्होंने सैनिक स्कूल को केवल किताबी शिक्षा तक सीमित न बताते हुए इसे व्यक्तित्व और चरित्र निर्माण की श्रेष्ठ पाठशाला बताया।

उन्होंने स्कूल की उत्कृष्ट परंपरा और सैन्य अधिकारियों को तैयार करने में इसकी भूमिका की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सैनिक स्कूल घोड़ाखाल से निकले कैडेट न केवल भारतीय सेना बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी महत्वपूर्ण दायित्व निभाकर देश की सेवा कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने स्कूल के कैडेट्स द्वारा एनडीए में सर्वाधिक चयन और लगातार दसवीं बार रक्षा मंत्री ट्रॉफी जीतने को ऐतिहासिक उपलब्धि बताया और इसके लिए कैडेट्स, शिक्षकों और संस्थान को बधाई दी। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड देवभूमि के साथ–साथ वीरभूमि भी है और यहां के सैनिक आज भी देश की रक्षा में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

उन्होंने कैडेट्स से अनुशासन, मेहनत और समर्पण को जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

धनराशि अनुमोदन

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के विभिन्न ज़िलों में विकास और जनकल्याण से जुड़ी योजनाओं के लिए अड़सठ करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि के अनुमोदन को मंजूरी दी है। यह धनराशि, राज्य के अलग–अलग क्षेत्रों में सड़क, पेयजल, बाढ़ सुरक्षा, शिक्षा, आपदा प्रबंधन और आधारभूत सुविधाओं से जुड़े कार्यों पर खर्च की जाएगी।

इसके तहत देहरादून जिले के रायपुर क्षेत्र में आपदा से क्षतिग्रस्त सड़कों के पुनर्निर्माण, पेयजल व्यवस्था और सड़क चौड़ीकरण से जुड़े कार्यों को मंजूरी दी गई है। उत्तरकाशी जिले के मोरी विकासखंड में बाढ़ सुरक्षा कार्य, टिहरी गढ़वाल में विभिन्न मोटर मार्गों के विस्तार और सुदृढ़ीकरण तथा अल्मोड़ा जिले में चौखुटिया क्षेत्र के प्रमुख मार्ग के डामरीकरण को भी स्वीकृति प्रदान की गई है।

पिथौरागढ़ जिले में ग्रामीण मोटर मार्गों के सुधारीकरण, धारचूला क्षेत्र में बाईपास सड़क और सेतु निर्माण, साथ ही रालम गांव में हेलीपैड निर्माण को मंजूरी दी गई है। इसके अलावा नैनीताल जिले के भीमताल क्षेत्र में प्रमुख मार्ग के सुधारीकरण के कार्य को भी स्वीकृति मिली है।

मुख्यमंत्री ने वन विभाग के मानव–वन्यजीव संघर्ष से जुड़े लंबित और आगामी मामलों में क्षतिपूर्ति भुगतान के लिए राज्य आपदा मोचन निधि से धनराशि जारी करने का भी अनुमोदन किया है।

अखिल भारतीय जनसंपर्क सम्मेलन

देहरादून आज से 15 दिसंबर तक जनसंपर्क और संचार जगत के बड़े राष्ट्रीय आयोजन का केंद्र बनने जा रहा है। पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया के 47वें अखिल भारतीय जनसंपर्क सम्मेलन का आयोजन राजधानी देहरादून में किया जा रहा है, जिसमें देशभर से सरकारी विभागों, कॉर्पोरेट, सार्वजनिक उपक्रमों, शैक्षणिक संस्थानों और मीडिया जगत से जुड़े विशेषज्ञ भाग लेंगे।

सम्मेलन का मुख्य विषय "विकसित भारत 2047 : विकास भी, विरासत भी" रखा गया है, जिसके तहत राष्ट्र निर्माण, तकनीक, संवाद और जनभागीदारी में जनसंपर्क की भूमिका पर विचार किया जाएगा। सम्मेलन में विभिन्न तकनीकी और विषयगत सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें उत्तराखंड की विकास यात्रा, मीडिया और जनसंपर्क की भूमिका, तकनीक, जीएसटी, पब्लिशिंग इंडस्ट्री और अंतरराष्ट्रीय संचार जैसे विषयों पर चर्चा होगी।

14 और 15 दिसंबर को होने वाले सत्रों में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, मीडिया विशेषज्ञ, शिक्षाविद और उद्योग जगत से जुड़े वक्ता अपने विचार साझा करेंगे। सम्मेलन में साइबर क्राइम, भ्रामक सूचना, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मानव संसाधन और भारतीय मूल्यों जैसे समसामयिक विषयों को भी शामिल किया गया है।

साहसिक महोत्सव तैयारियां

पौड़ी गढ़वाल की नयारघाटी में फरवरी में प्रस्तावित साहसिक महोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। सतपुली क्षेत्र के बिलखेत में कल हिमालयन एयरो स्पोर्ट्स की टीम ने पैराग्लाइडिंग की ट्रायल उड़ानें भरीं। जिला पर्यटन विकास अधिकारी खुशाल सिंह नेगी ने बताया कि इन ट्रायल्स का उद्देश्य स्थानीय युवाओं को साहसिक खेलों से जोड़ना है, ताकि प्रशिक्षण के माध्यम से रोजगार और पर्यटन को बढ़ावा दिया जा सके। उन्होंने बताया कि पैराग्लाइडिंग के ट्रायल रविवार तक चलेंगे, जबकि क्याकिंग और अन्य साहसिक गतिविधियों के ट्रायल अगले सप्ताह से शुरू किए जाएंगे।

अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर

केंद्रीय कैबिनेट के विभिन्न फैसलों को समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। पहली बार ऐप से जनगणना सम्पन्न होने की जानकारी देते हुए हिन्दुस्तान समाचार पत्र लिखता है कि केंद्र सरकार ने 2027 में होने वाली जनगणना के लिए 11,718 करोड़ रुपए मंजूर कर दिए हैं।

उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय में सैन्य अधिकारी और जवान भी उच्च शिक्षा हासिल कर सकेंगे। अमर उजाला समाचार पत्र के अनुसार इसके लिए विश्वविद्याल और कुमाऊं रेजिमेंट के बीच समझौता ज्ञापन हुआ है।

देहरादून पुलिस ने क्रिसमस और नए साल पर मसूरी में उमड़ने वाली पर्यटकों की भीड़ को देखते हुए, ट्रैफिक प्लान जारी कर दिया है। हिन्दुस्तान समाचार पत्र में प्रकाशित समाचार के अनुसार यह प्लान 20 दिसंबर से लागू किया जाएगा।